कार्यालय आचार्य एवं विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जरी विभाग, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर।

क्रमांक/768/एन एस/ 2018 दिनांकः 29-11-2018

अधीक्षक,
सवाई मानसिंह चिकित्सालय,
जयपुर।

विषयः— राजस्थान सम्पर्क द्वारा प्राप्त शिकायत क्रमांक 11183614708785 के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाने बाबत।

संदर्भः—आपका पत्र क्रमांकः/शिकायत/चिस्वा/2018/12284 दिनांक 24.11.2018

श्रीमान् उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यूरोसर्जरी विभाग जिसमें शुरूआत से ही मरीजों की संख्या जिसमे गम्भीर रूप से ग्रसित जैसे की ब्रेन टयूमर, ब्रेन हेमरेज व रीढ़ की हड्डी सिर की चोट आदि के मरीज भर्ती किये जाते है। जिनकी संख्या कुल बेड आवंटित संख्या के अनूपात में अधिक रही है। जिसके लिए पूर्व में विभाग द्वारा राज्य सरकार को अवगत कराया गया राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त स्थान देने के प्रयास किये जाते रहे है जिसमें बागड़ परिसर का विस्तार एवं ट्रोमा सेन्टर इत्यादि है इसके उपरान्त मरीजो को बेड मिलने में राहत जरूर मिली परन्तु पूर्ण रूप से सभी मरीजो को बेड मिलना संभव नहीं हो सका, एवं कुछ मरीजो को जमीन पर लेटाकर इलाज किया जाता रहा है। इस वर्ष कार्डीयोलोजी विभाग के केथ लैब लगवाने के बाद न्यूरोसर्जरी विभाग का एक हिस्सा कार्डीयोलोजी विभाग को प्रसाशन द्वारा आवंटित कर दिया गया एवं न्यूरोसर्जरी विभाग के लिए अलग से वार्ड बनवाने का आश्वासन तत्कालीन प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया। परन्तु आज दिनांक तक इस प्रकार का कोई स्थान न्यूरोसर्जरी विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके कारण गम्भीर न्यूरोसर्जरी रोग से सम्बधित मरीजो को जमीन पर ही रखकर उपचार कराने के लिए विवश होना पडा। इस संबंध में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीयों को विभाग द्वारा समय—समय पर भी अवगत कराया गया। वर्तमान में न्यूरोसर्जरी आवंटित बेड संख्या 150 है। प्ररन्तु आज दिनांक 28.11.2018 को भर्ती मरीजो की संख्या 209 हैं। न्यूरोसर्जरी की विभिन्न बिमारियों में मरीज बेहोशी की अवस्था एवं लकव से ग्रसित होने के कारण अस्पताल में अन्य विभागो की तुलना में अधिक होते है। इसलिये स्थान की कमी हमेशा से रहती है।

वर्तमान में एक अन्य कार्डीयोलोजी कैथ मशीन लगाने हेतु पूनः जब विभाग से पूरे एक बडे वार्ड को कार्डीयोलोजी विभाग को देने के लिये कहा गया जिसके प्रश्चात स्थानिय समाचार पत्र (राजस्थन पत्रिका) में दिनांक 26.9.2018 को इस बाबत् समाचार प्रकाशित किया गया एवं जिसके फलस्वरूप प्रधानाचार्य सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविधालय, चिकित्सा अधीक्षक सवाई मानसिंह चिकित्सालय, विभागाध्यक्ष न्यूरोसर्जरी विभाग, विभागाध्यक्ष कार्डीयोलोजी विभाग, उप अधीक्षक सवाई मानसिंह चिकित्सालय, F.A. सवाई मानसिंह महाविधालय कि एक मिटिगं 26.9.2018 को रखी गई जिसमें न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष द्वारा इस संबंध में जगह की कमी को देखते हुये एवं मरीजो के हित में जगह आवंटित करने में असमर्थता प्रकट की गई। यह सूचना अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संग्लनः—

1. पत्र क्रमांक/586/दिनांक 18.9.2018।
2. पत्र क्रमांक/673/दिनांक 22.10.2018।
3. पत्र क्रमांक/ 635/दिनांक 4.10.2018
4. पत्र क्रमांक/571/दिनांक 11.9.2018
5. Meeting held on 26.9.2018

डा0, वी. डी. सिन्हा
विभागाध्यक्ष न्यूरोसर्जरी विभाग
सवाई मानसिंह चिकित्सा
महाविधालय, जयपुर

**कार्यालय आचार्य एवं विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जरी विभाग, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविधालय, जयपुर।**

क्रमाक/571/एन एस/ 2018 दिनांकः 11-09-2018

**प्रधान सचिव**
**चिकित्सा शिक्षा विभाग**
**राजस्थान सरकार जयपुर।**

**द्वाराः– उचित माध्यम**

**विषय:**– न्यूरोसर्जरी विभाग को स्थान उपलब्ध करवाने के सम्बंध में।

**संदर्भः**– प्रधानाचार्य का पत्र क्रमांक 31445.46/एफ2(401)/एमसी/सामान्य/2017 दिनांक 22.11.2017 एवं न्यूरोसर्जरी विभाग पत्रांक एन.एस./2017/906 दिनांक 10.11. 2017 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यूरोसर्जरी विभाग के वार्ड नं0 3 का काफी हिस्सा कैथ लैब के लिए उपलब्ध कराया गया था। उसी समय यह निर्णय लिया गया था कि इस स्थान के लेने के पश्यात मरीजों को उपचार की चिकित्सकीय असुविधा न हो इसके स्थान पर अंकितानुसार वांछित स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। लेकिन आज तक इस विषय में स्थान उपलब्ध नही कराया गया है जिसके अभाव में मरीजों को जमीन पर एवं अतिरिक्त बैड लगाकर लोबी में लिटाया जा रहा है। इस कारण मरीजों का एवं नर्सिंग स्टाफ व डॉक्टरों को भी इलाज करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा हैं।

अतः आप से आग्रह है कि अंकित अनुसार वांछित स्थान उपलब्ध कराने की कृपा करें। जिससे की मरीजों का उपचार करने में असुविधाओं का सामना ना करना पड़े।

धन्यवाद,

डा0, वी. डी. सिन्हा
विभागाध्यक्ष न्यूरोसर्जरी विभाग
सवाई मानसिंह चिकित्सा
महाविधालय, जयपुर

कार्यालय आचार्य एवं विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जरी विभाग, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविधालय, जयपुर।

क्रंमाक/586 /एन एस/ 2018

दिनांक 18 - 09 - 2018

प्रधानाचार्य, नियंत्रक
सवाई मानसिंह चिकित्सालय,
जयपुर।

**विषयः**– न्यूरोसर्जरी विभाग को स्थान उपलब्ध करवाने के सम्बंध में।

**संदर्भः**– आपका का पत्र क्रमांक 31445.46/एफ2(401)/एमसी/सामान्य/2017 दिनांक 22.11.2017 एवं न्यूरोसर्जरी विभाग पत्रांक एन.एस./2017/906 दिनांक 10.11.2017 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यूरोसर्जरी विभाग के वार्ड नं0 3 का काफी हिस्सा कैथ लैब के लिए उपलब्ध कराया गया था। उसी समय यह निर्णय लिया गया था कि इस स्थान के लेने के पश्यात मरीजों को उपचार की चिकित्सकीय असुविधा न हो इसके स्थान पर अंकितानुसार वांछित स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। लेकिन आज तक इस विषय में स्थान उपलब्ध नही कराया गया है जिसके अभाव में मरीजों को जमीन पर एवं अतिरिक्त बैड लगाकर लोबी में लिटाया जा रहा है। इस कारण मरीजों का एवं नर्सिंग स्टाफ व डॉक्टरों को भी इलाज करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा हैं।

अतः आप से आग्रह है कि अंकित अनुसार वांछित स्थान उपलब्ध कराने की कृपा करें। जिससे की मरीजों का उपचार करने में असुविधाओं का सामना ना करना पड़े।

धन्यवाद,

Dr. V.D. Sinha
PHOD
Neurosurgery

Dr. S.K.Jain
Sr. Professor
Neurosurgery

Dr. Devendra Purohit
Sr. Professor
Neurosurgery

Dr. Achal Sharma
Sr. Professor
Neurosurgery

Dr. Ashok Gupta
Sr. Professor
Neurosurgery

Dr. Manish Agrawal
Professor
Neurosurgery

Minutes of the meeting held **on 26.9.2018 at 1:30 PM** under the chairmanship of Dr. Deepak K Mathur, Acting Principal & Controller in chamber of P&C at SMS Medical College, Jaipur to discuss various issues regarding news published in rajasthan patrika today for using space of Neurosurgery ward for New Cath Lab at SMS Hospital, Jaipur.

1. Dr. D.S. Meena, Medical Superintendent, SMS Hospital.
2. Dr. V.D. Sinha, PHOD, Neurosurgery
3. Dr. Anoop Jain, PHOD, Cardiology
4. Dr. Anil Dubey, Dy. Superintedent, SMS Hospital
5. Shri S.C. Goyal, FA, SMS Medical College

The following points were discussed and decisions were taken:

(A) The Medical Superintendent, SMS Hospital will identify the space for new cath lab within three days as sanctioned in CM Budget announcement.

(B) The Government has refused to sanction extra budget for civil and electric work for new cath lab. This has to be installed in the budget ceiling of Rs.6.00 crores.

(C) PHOD, Cardiology will provide information of space which he planned before sending proposal of new cath lab for CM Budget announcement.

(D) PHOD, Neurosurgery expressed inability to spare any space in neurosurgery department because of patient load and increasing problem of infection in the department. PHOD, Neurosurgery also informed that the space taken for cath lab earlier has not been compensated to neurosurgery department till date.

Meeting ended with a vote of thanks to the chair.

| | | |
|---|---|---|
| (Dr. D.S. Meena)<br>MS, SMS Hospital | (Dr. V.D. Sinha)<br>PHOD, Neurosurgery | (Dr. Anoop Jain)<br>PHOD, Cardiology |
| (Dr. Anil Dubey) 26/9/18<br>Dy. Supt., SMS Hospital | Shri S.C. Goyal<br>FA, SMS Medical College | (Dr. Deepak K Mathur)<br>Principal & Controller |

क्रमांक 26755-58 दिनांक 26/9/18

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. अधीक्षक, सवाई मान सिंह चिकित्सालय, जयपुर।
2. विभागाध्यक्ष, कार्डियोलॉजी, सवाई मान सिंह चि. जयपुर।
3. विभागाध्यक्ष, न्यूरोसर्जरी, सवाई मान सिंह चि. जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक

**कार्यालय आचार्य एवं विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जरी विभाग, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविधालय, जयपुर।**

**क्रमाक/**635**/एन एस/ 2018** **दिनांकः** 4-10-2018

**प्रधानाचार्य, नियंत्रक**
**सवाई मानसिंह चिकित्सालय,**
**जयपुर।**

**विषयः–** माननीय मुख्यमंत्री महोदया, की बजट घोषणा 2018–19 ''सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर में नवीन कैथ लैब की स्थापन' के लिये स्थापना उपलब्धता के कम में।

**संदर्भः**–आपका पत्र क्रमांक 2932–34 एफ( )/एम.सी./बजट/2018–19 दिनांक 1.10. 2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके द्वारा चाही गई सूचना दिनांक 3.10.2018 को निम्न प्रकार हैं। कुल इकाई संख्या 6, कुल बैड संख्या 136, एवं कुल मरीज जो दिनांक 3.10. 2018 को वार्ड में भर्ती हैं उनकी संख्या 247 हैं।

**डा0, वी. डी. सिन्हा**
**विभागाध्यक्ष न्यूरोसर्जरी विभाग**
**सवाई मानसिंह चिकित्सा**
**महाविधालय, जयपुर**

**OFFICE OF THE PROFESSOR & HEAD DEPARTMENT OF NEUROSURGERY**
**S.M.S. MEDICAL COLLEGE AND ATTCHED HOSPITALS JAIPUR**

**S.N.-: ...639.../NS/2018** **DATE-:..22/..12.../2018**

**The Principal & Controller**

**S.M.S. Medical College**

**Jaipur,**

**Subject-** Space for new Cardiac Cath Machine.

Respected Sir,

As per discussion with you regarding suggestion for alternative space for new cardiac cath machine the AEN Civil, PWD, SMS Hospital was consulted and according to him there is enough space available in continuation with the existing cardiac cath lab, which is beside the bangur cath lab and no new facility presently proposed for it. The expected expenditure on civil work as suggested by AEN civil, PWD, SMS Hospital would be around Rs. 40 lacs.

This is for your information and necessary action.

Thanking you,

**Dr. V.D.Sinha**

**PHOD Neurosurgery**

**S.M.S. Hospital Jaipur**

M.S

(13) M M Agrawal